# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रयागराज में जारी महाकुंभ को बताया समता और समरसता का असाधारण संगम : अयोध्या में रामलला के द्वादशी उत्सव के महत्व का किया जिक्र।
2. श्री मोदी ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना का लिया संज्ञान : मुख्यमंत्री ने स्थिति की दी जानकारी, कहा– कोई हताहत नहीं।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आगामी मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी को होने वाले प्रमुख स्नानों के आयोजन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

और

4. प्रदेश में अलग–अलग हादसों में छह लोगों की मौत, कई घायल।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत प्रखर वैज्ञानिकों और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है, जिससे भावी चुनौतियों के समाधान उपलब्ध होंगे। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में श्री मोदी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है। बाइट...

*कुछ दिन पहले हमारे वैज्ञानिकों ने space sector में ही एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। हमारे scientists us satellites dh space docking कराई है। जब अंतरिक्ष में दो spacecraft connect किए जाते हैं, तो, इस प्रक्रिया को Space Docking कहते हैं। यह तकनीक अंतरिक्ष में space station तक supply भेजने और crew mission के लिए अहम है। भारत ऐसा चौथा देश बना है, जिसने ये सफलता हासिल की है।*

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की भी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान हस्तियों को नमन करता हूँ, जिन्होंने देश को ऐसा पवित्र संविधान दिया। उन्होंने कहा कि बीते दशकों में देश का लोकतंत्र सशक्त हुआ है। बाइट...

*देश में जब 1951–52 में पहली बार चुनाव हुए तो कुछ लागों को संशय था कि क्या देश का लोकतंत्र जीवित रहेगा। लेकिन हमारे*

*लोकतंत्र ने सारी आशंकाओं को गलत साबित किया– आखिर भारत, Mother of Democracy है बीते दशकों में भी देश का लोकतंत्र सशक्त हुआ है, समृद्ध हुआ है।*

प्रधानमंत्री ने 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व की भी चर्चा की। देश में निर्वाचन आयोग की स्थापना इसी दिन हुई थी। प्रधानमंत्री ने देश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता और मतदान–प्रक्रिया को आधुनिक बनाने के लिए तकनीक के उपयोग की प्रशंसा की।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के महत्व का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समता–समरसता का असाधारण संगम है। बाइट...

*हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। इसमें भारत के दक्षिण से लोग आते हैं। भारत के पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब–अमीर सब एक हो जाते हैं सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं तभी तो कुम्भ एकता का महाकुंभ है। कुंभ का आयोजन हमें ये भी बताता है की कैसे हमारी परंपराएँ पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती है।*

श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में युवाओं की व्यापक भागीदारी हो रही है और जब युवा पीढी अपनी सभ्यता के साथ गर्व से जुड़ जाती है, तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। उन्होंने कहा कि इस बार कुंभ में बड़े पैमाने पर डिजिटल तकनीक का उपयोग हो रहा है और कुंभ की ये वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूरा हो गया है और पौष शुक्ल द्वादशी को लाखों रामभक्तों ने रामलला के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए अपनी विरासत को भी सहेजना है और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान लोगों ने आकाशवाणी से प्रसारित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। यह कार्यक्रम लाउडस्पीकर से प्रसारित किया गया। श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में महाकुंभ 2025 के विभिन्न पहलुओं की चर्चा की।

——————

प्रयागराज में आज कुंभ क्षेत्र सेक्टर 19 के कुछ टेंट में आग लग गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग लगने की घटना की पूरी जानकारी फोन पर ली। मुख्यमंत्री ने घटना स्थल का निरीक्षण और स्थिति का जायजा लिया। श्री योगी ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की भारी भोड़ उमड़ रही है। शाम तक 47 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में आगामी 29 जनवरी और तीन फरवरी को होने वाले प्रमुख स्नानों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री योगी ने कहा कि महाकुंभ पूरी भव्यता आर दिव्यता के साथ जारी है। श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार और अनेक संस्थाएं पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं। बाइट...

*मौनी अमावस्या का स्नान उनतीस जनवरी को और वसंत पंचमी का तीन फरवरी को ये दो बड़े महास्नान हैं जो कुंभ की शोभा है। आज संगम तट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं, संतों, कल्पवासियों और अन्य संस्थाओं से जुड़ी हुई पूरी संख्या को अगर हम देखेंगे तो यह बढ़ कर के लगभग एक करोड़ ऐसी अधिक लोग आज के समय में यहाँ पर मौजूद है और उसके लिए पूरी तत्परता के साथ केंद्र और राज्य सरकार के सभी विभाग मिलकर के भव्य दिव्य और डिजिटल कुंभ की परिकल्पना को साकार करने के लिए और आधुनिकता के साथ जोड़ने के लिए कार्य हो रहा है।*

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज महाकुंभ में अखाड़ों का भ्रमण कर संतों से मुलाकात की। साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पवित्र संगम पर आस्था की डुबकी लगाई।

———————

उत्तर रेलवे महाकुंभ के लिए श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन, कटरा और प्रयागराज के बीच तीन विशेष रेलगाडियां चलायगा। पहली रेलगाडो 24 जनवरी को श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से तडके 3 बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी और 25 जनवरी को शाम 4 बजकर 25 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी। कटरा स्टेशन से अगली दो रेलगाडियां 7 और 14 फरवरी को चलेंगी और अगले दिन प्रयागराज पहुंचेंगी। ये रेलगाडियां 8 और 15 फरवरी को शाम साढे सात बजे प्रयागराज से कटरा के लिए रवाना होंगी और अगले दिन रात 10 बजे कटरा रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी।

———————

प्रदेश में अलग–अलग दुर्घटनाओं में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये। गाजियाबाद के लोनी इलाके की कंचन पार्क कॉलोनी के एक मकान में आज सुबह आग लगने से एक महिला समेत तीन बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई और चार लोग झुलस गये हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया

गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया है कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया है। उधर बांदा जिले के तिंदवारी क्षेत्र में दो ट्रकों की आमने–सामने टक्कर में दोनों ट्रकों में आग लग गई जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

—————————

राज्य के कई जिलों में देर रात और सुबह कोहरा छाये रहने के बाद आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। वहीं मौसम विभाग ने 22 और 23 जनवरी को प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश होन का अनुमान जताया है। कोहरे और धुंध की वजह से रेलगाड़ियां देर से चल रही हैं। राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में आज सुबह हल्के कोहरे के बाद आसमान साफ होने और धूप निकलने से लोगों को खासी राहत मिली है। इस बीच शीतलहर के मद्देनज़र अयोध्या में सभी प्राइमरी विद्यालयों को 25 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। वहीं जिलाधिकारी ने कक्षा छह से 12वीं तक के सभी विद्यालय 10 बजे से तीन बजे तक संचालित करने का निर्देश दिया है।

—————————